शासकीय नजूल की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं की अब खैर नहीं

कलेक्टर के आदेश पर राजस्व टीम द्वारा कि नजूल भूमि की नाप-जोख,

कार्यवाहीं देख जबरन कब्जा करने वालों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,13 मई, शासकीय नजूल की भूमि पर वर्षों से काबिज अवैध भूमाफियाओं एवं पट्टेधारियों द्वारा किए गए अतिक्रमणकारियों की अब खैर नहीं,जिला कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम द्वारा नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग से लगी शासकीय नजुल भुमि की नौप-जौख की गई,विभाग की इस कार्यवाहीं को देख नजुल पर जबरन कब्जा करने वालों में हडक़ंप मचा हुआ है।

रहने के लिए आवंटित जगह पर बन गए शापिंग काम्पलेक्स

गौरतलब हो कि नगर के पुराने शासकीय चिकित्सालय से लेकर पंचशील चौक तक फैले इस बेशकीमती शासकीय नजूल की भूमि पर रहने के लिए निर्धारित जगह लीज पर दी गई थी,हालांकि इसमें से अधिकांश परलोक सिधार गए तो कई यहां से बोरिया बिस्तर समेटकर अन्य महानगरों में जाकर बस गए है। तो कई लोगों ने इस भूमि पर बने भूखंड के इमले के नाम पर खरीद-फरोख्त का दस्तावेज बनाकर रहने के लिए आवंटित इस भूखंड पर आलीशान शापिंग काम्पलेक्स बनाकर व्यवसायीक प्रतिष्ठान खोल व्यापार कर रहें है।

कलेक्टर के आदेश का दिखाई देंने लगा असर

लंबे समय से इस बात को लेकर हो रहीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर द्वारा अब इस शासकीय नजूल की भूमि किसके नाम पर आवंटित हुई और अब यहां किसका कब्जा है,निर्धारित जगह से अधिक किसी के द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच करने दिए गए निर्देशों के परिपालन में बुधवार को राजस्व विभाग की टीम जिसमें तहसीलदार, आर.आई. हल्का पटवारी,कोटवार द्वारा नगर के अंबिका चौक से लेकर रेलवे स्टेशन मार्ग के किनारे की नजूल भूमि की नाप-जोख कर सूची बध्द की गई।

कार्यवाहीं पर लोगों की निगाहें ०००

राजस्व विभाग की इस कार्यवाहीं को देख रहने के लिए आवंटित इस शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर शापिंग काम्पलेक्स बनाने तथा पट्टेधारियों द्वारा अधिक पक्का अतिक्रमण करने वालों में हडक़ंप मचा हुआ है। वहीं राजस्व विभाग की इस तरह नाम-जौख के बाद क्या कार्यवाहीं होंगी इस बात को लेकर सभी कि निगाहें लगी हुई है ।

किसानों को ई-टोकन बुकिंग एवं फॉर्मर आईडी बनाने जिले के ग्राम पंचायतों लगाए शिविर

नव भारत न्यूज पांढुरना,13 मई, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं उप संचालक जितेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के पांढुर्णा एवं सौसर विकासखंड में पंचायत स्तरीय शिविरों में ई-टोकन बुकिंग एवं एग्री स्टेक पोर्टल पर फॉर्मर आईडी से वंचित किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा। शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से किसानों की फॉर्मर आईडी बनाना, किसानों के समस्त खसरों को फॉर्मर आईडी से लिंक करना, किसानों के ई-टोकन बुक करना एवं समिति स्तर पर समिति सदस्यों के ई-टोकन बुक करने का कार्य किया जाएगा। इसमें राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं सहकारिता विभाग की सहभागिता रहेगी। कृषकों को शिविर में आधार कार्ड, खसरा-खतौनी, मोबाइल नंबर, समग्र आईडी एवं मृत किसान की स्थिति में परिजनों द्वारा सहमति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होना है। उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह ने किसानों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान शिविर में उपस्थित होकर ई-टोकन बुक कराएं तथा फॉर्मर रजिस्ट्री से वंचित किसान फॉर्मर आईडी बनाकर उर्वरकों का अग्रिम उठाव करें।

अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष टेकाम ने संगठन को सशक्त बनाने को लेकर ली बैठक

नवभारत न्यूज सौंसर 13 मई- बुधवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिह टेकाम का सौसर आगमन हुआ।उनके साथ जिला पंचायत मंडला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं छिंदवाडा संभाग प्रभारी भाजपा एसडी मोर्चा संजय कुशराम उपस्थित थे। भाजपा नेता पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के निवास स्थान पहुचें, जहा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड विशेष रूप से उपस्थित थे। शिष्टाचार भेट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिह टेकाम ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ जिले के संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतू संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। भेट के दौरान पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने अपने राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुयें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये।जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने जिले में पार्टी की सक्रियता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वर कवडेती, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष खेमराज सोनेकर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विलास खिरडकर, जिला पंचायत सदस्य ललिता कुमरे, जिला उपाध्यक्ष यादोराव ढोबले, दीपक कामडे, सरपंच दिनेश भलावीं,हरीश धुर्वे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके पूर्व श्री टेकाम ने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम पहुचकर पुजा अर्चना की।

भोपाल में पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुयें पूर्व विधायक चौरे

नवभारत न्यूज
पिपला नारा .वार 13 मई- मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिह के पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक अजय चौरे शामिल हुये। अवसर पर उन्होने श्री सिह को नवीन दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी। समारोह के दौरान पूर्व विधायक श्री चौरे ने मध्यप्रदेश शासन के योग आयोग अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्र शर्मा से भेट कर उनके दायित्व पर शुभकामनाएं दी। इसके अलावा मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विष्वास सारंग से मुलाकात कर आत्मीय चर्चा की। साथही वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्य पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष, पूर्व संगठन मंत्री तपन भौमिक से सौजन्य भेट की। पूर्व विधायक अजय चौरे ने सभी वरिष्ठ नेताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक एवं विकास से जुडे विषयों पर चर्चा की तथा उन्हें उन्हें दायित्वों के सफल निर्वहन के लिये शुभकामनायें दी। समारोह में मौजूद नेताओं ने एक-दुसरें से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भेंट कर संगठन और शासन की विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया।

सौसर में सूने मकान में चोरी, शादी समारोह में गया था परिवार, 8 लाख के माल पर हाथ साफ

नवभारत न्यूज
सौसर 13 मई - सौसर नगर के वार्ड नंबर 9 में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस बड़ी वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, चोरी गए सामान की कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई जा रही है।

शादी की खुशियों के बीच मातम का साया

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवेंद्र तुपकर वार्ड नंबर 9 के निवासी है उनका परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। घर सूना पाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने घर की अलमारी और तिजोरी को खंगालकर उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण और नकद राशि बटोर ली। जब परिवार वापस लौटा, तो घर का बिखरा हुआ सामान देखकर उनके होश उड़ गए। बताया गया कि हाल ही में पीड़ित परिवार के खेत का सौदा होने से कुछ नगदी घर में रखी हुई थी।

जांच में जुटी पुलिस और डॉग स्क्वायड

घटना की सूचना मिलते ही सौसर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक जांच टीम को भी बुलाया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। इधर टीआई रूपलाल उईके का कहना है कि चोरी की शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर साक्ष्य जुटा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एसपी, एएसपी ने लिया घटना का जायजा

जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश परिहार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से से मुआयना कर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों मामले के खुलासे को विशेष दिशा निर्देश दिए।

क्षेत्र में डर का माहौल

चोरी की इस वारदात ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। वार्ड वासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरी की इस वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सिविल अस्पताल में पूर्व सीएचएमओं नेत्र विशेषज्ञ डॉ शास्त्री देंगे निशुल्क सेवा

नवभारत न्यूज सौंसर 13 मई- सिविल अस्पताल सौसर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रूपेश बोकडे के प्रयासों से अब क्षेत्रवासियों को नेत्र रोगों के उपचार हेतू विशेषज्ञ सेवायें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ एन के शास्त्री प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को ओपीडी समय पर निशुल्क सेवायें प्रदान की जायेगी। वही डॉ अलका जैन पूर्व की तरह प्रत्येक गुरूवार को मरीजों का उपचार करेगी। बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना करते हुये डॉ एन के शास्त्री हस्तें निशुल्क ओपीडी कक्ष का शुभारंभ किया गया। अवसर पर डॉ पूजा कंगाले, मेटरन सिस्टर सुंदर धुर्वे, वंदना गजभिये सहित स्टॉफ द्वारा डॉ शास्त्री का पुष्पगुच्छ सौपकर स्वागत किया गया। बीएमओं डॉ बोकडे ने बताया कि, नई व्यवस्था के तहत अब अस्पताल में आंखो से संबंधित रेटिना जांच एवं स्लिट लैंप जांच जैसी अत्याधुनिक सुविधाये भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे मरीजों को बेहतर एवं उन्नत उपचार मिल सकेगा। अस्पताल प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से नेत्र संबंधी समस्याओं के उपचार हेतू सिविल अस्पताल सौसर की ओपीडी में संपर्क करने की अपील की है।

मोहगांव के किसान ने 3 एकड़ में लहराई ग्रीष्मकालीन ज्वार की फसल

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के दल ने किया प्रक्षेत्र का अवलोकन, नवाचार की सराहना

नवभारत न्यूज
सौसर 13 मई - किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत पांढुर्णा जिले के विकासखंड सौसर में कृषि क्षेत्र में बदलाव की नई बयार देखने को मिल रही है। ग्राम मोहगांव के प्रगतिशील कृषक दशरथ बावनकर ने लीक से हटकर नवाचार करते हुए अपने 3 एकड़ के रकबे में ग्रीष्मकालीन ज्वार की फसल उगाई है। फसल विविधीकरण की दिशा में किए गए इस अभिनव प्रयास की सराहना अब शासन प्रशासन स्तर पर भी हो रही है। इसी कड़ी में बुधवार को कृषि एवं संबद्ध विभागों के उच्च अधिकारियों के दल ने बावनकर के खेत पहुँचकर फसल का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण दल में मुख्य रूप से उपसंचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, उपसंचालक उद्यानिकी एम. एल. उइके, उपसंचालक पशुपालन विभाग एच. जी. एस. पक्षवार एवं अनुविभागीय अधिकारी कृषि दीपक चौरसिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे।

अधिकारियों ने दी महत्वपूर्ण सलाह-

उपसंचालक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ग्रीष्मकाल में ज्वार की खेती फसल विविधीकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक पद्धतियों को अपनाएं, जिससे कम लागत में बेहतर आमदनी सुनिश्चित की जा सके। उपसंचालक उद्यानिकी एम. एल. उइके ने कृषक को फसल के साथ-साथ फल-सब्जी उत्पादन (उद्यानिकी) की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पशुपालन विभाग के उपसंचालक एच. जी. एस. पक्षवार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को पशुपालन के जरिए अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपसंचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह ने नवभारत से चर्चा में बताया कि दशरथ बावनकर जैसे प्रगतिशील किसानों का प्रयास अन्य कृषकों के लिए प्रेरणा बनेगा। प्रशासन का लक्ष्य किसानों को नई तकनीक और लाभकारी फसलों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना है।

रोड पर फैले मुरम से आवागमन में हो रही परेशानी,फिसल कर गिर रहे लोग

कछुआ गती से चल रहा जल जीवन मिशन का कार्य

नव भारत न्यूज
मारुड (पांढुरना),13 मई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ईटावा के ग्राम ढाना में पेय जल के लिऐ ईटावा रोड किनारे नाली खोदकर पाईप लाईन बिछाई गई लेकीन मुरम यु ही आधे रोड पर छोड दिया गया है जिससे लोगो को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है.

तीन वर्षों बाद भी काम अधूरा

पांडुरना तहसिल के अंतर्गत ईटावा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ढाना में मात्र 40-45 मकान है लेकिन यहा जल जीवन मिशन का कार्य 3 साल अधिक से चल रहा है लेकिन आज तक पुरा नही हुआ है .

आधे रोड पर छोड दिया मुरम

एक कि मी दुर ईटावा रोड पर बोर (ट्यूबवेल) किया गया है जहा से पानी लाने के लिऐ रोड किनारे नाली खोदकर पाईप लाईन बिछाई गई लेकीन मुरम को आधे रोड पर छोड दिया है जिसके कारण लोगो को आधे रोड से आना -जाना करना पडता है इससे हमेशा दुर्घटना होने की आशंका रहती है.

-3 साल में नही पहुचा 45 घरो में पानी

जल जीवन मिशन के तहत शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने का सपना ग्राम ढाना (ईटावा) में क्या सपना ही रहेगा ? क्योकी मात्र 40-45 घरो तक पानी पहुचाने का काम 3 साल से आज तक पुरा नही हो सका है ।

ग्रामीणों ने लगाई गुहार

इससे ग्रामीण परेशान है पेय जल संकट दिन ब दिन गंभीर होता जा रहा है .पाईप लाईन बिछाने का काम शुरु तो किया गया लेकीन फिर बिच में ही रोख दिया गया है. ग्राम वासियो ने यथाशीघ्र कार्य पुर्ण करने की मांग विभाग से की है .



सांदीपनि स्कूल में समर कैंप में छात्रों को योग, खेल गतिविधियों की दी जा रही शिक्षा

नव भारत न्यूज पांढुरना,13 मई,

सांदीपनि विद्यालय पांढुर्णा में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में प्रशिक्षक श्री खोडे, खेल पीटीआई श्री मरकाम के निर्देशन में योग, खेल एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक एवं खेल आधारित गतिविधियों में सहभागिता कराई जा रही है। विद्यालय परिसर में आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक सहभाग देखने को मिल रहा है।

रिहायशी क्षेत्रों में संचालित मंगल कार्यालयों के खिलाफ बढा आक्रोश

तेज डीजे, अव्यवस्थित पार्किंग, गंदगी, लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर सौपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
सौंसर 13 मई- शहर के रिहायशी क्षेत्रों मे संचालित मंगल कार्यालयों की अव्यवस्थाओं और नियमों की अनदेखी को लेकर अब स्थानीय नागरिकों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के दौरान देर रात तक तेज आवाज में डी बजाना, सडकों पर अव्यवस्थित पार्किंग, क्षेत्र में फैलनेवाली गंदगी तथा बिजली व्यवस्था पर पड रहे प्रभाव से परेशान कॉलोनीवासियों ने बुधवार को प्रशासन के नाम ज्ञापन सौपकर सख्त कार्यवाही की मांग की। शहर के रेल्वे क्रांसिंग परिसर, शिवाजी चैक, नाग मंदिर चौक सहित कई रिहायशी क्षेत्रो के नागरिकों ने एकजुट होकर अपनी समस्या प्रशासन तक पहुचाई। नागरिकों का कहना है कि, रिहायशी इलाकों में संचालित कई मंगल कार्यालय नियमों की अनदेखी करते हुये संचालित किये जा रहें है। जिससे आसपास रहनेवाले लोगों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड रहा है।

डीजे, पार्किंग, लो-वोल्टेज की समस्या: प्रबुद्ध नागरिक शैलेष कापसे, सुरेश पवार ने बताया कि, विवाह समारोह एंव अन्य आयोजनों के दौरान देर रात तक हाई सांउड में डीजे बजाया जाता है। तेज ध्वनि के कारण बुजूर्ग, बीमार, छोटे बच्चें एवं पढाई करनेवाले बच्चें प्रभावित होती है। कई बार रात भर ध्वनि प्रदूषण बना रहने से लोगों की नींद और दिनचर्या प्रभावित होती है। कार्यालय परिसर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नही होने के कारण जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलैंस और अन्य जरूरी वाहनों के आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पडता है। आयोजनों के दौरान अत्याधिक बिजली उपयोग होने से आसपास के घरों में लो-वोल्टेज की समस्या भी उत्पन्न होती है। कई बार घरेलू उपकरणों के प्रभावित होने की स्थिति भी बन जाती है। स्वच्छता के नाम पर गंदगी और बचा हुआ भोजन खुले में फेकने से दुर्गध फैलती है।

प्रशासन कराये नियमों का कडाई से पालन

रहवासियों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि, शहर में संचालित मंगल कार्यालयों की जांच कर मंगल भवन एवं विवाह गृह संचालन संबंधी नियमों का सख्ती से पालन सुनिष्चित कराया जाये। साथही रिहायशी क्षेत्रों में संचालित ऐसे मंगल कार्यालयों के लिये ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से कराया जाये। नियमों का उल्लंघन करनेवाले संचालकों के खिलाफ जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाये, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। कार्यवाही नही होने की स्थिति में ज्ञापनकारीयों ने आंदोलन की भी चेतावनी दी है। शहर में लगातार बढ रहे जनआक्रोश के बीच अब लोगों की निगाहे प्रशासनिक कार्यवाही पर टिकी हुई है।

नगर की यातायात व्यवस्था तथा रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े के नेतृत्व में एसपी से मिला नपा पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,12 मई, नवागत जिला पुलिस अधीक्षक से मंगलवार को नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा भेट कर नगर की यातायात व्यवस्था बनाने के साथ ही बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने पूरी मुस्तैदी के साथ रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है

नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े के नेतृत्व में मंगलवार को नपा पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर नवागत जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद्र परिहार से भेट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेट करते हुए उनका स्वागत किया,साथ ही नगर जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए नगर के तीन शेर चौक,अंबिका चौक,डा.सिंघवी के चिकित्सालय के पास वाली पुलिया,पंचशील चौक,जय स्तंभ चौक,समता कॉलेज के पास विशेष रूप से यातायात व्यवस्था बनाने की मांग की है।

इस दौरान नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े द्वारा बीते कुछ महीनों पूर्व नगर के रिहायशी क्षेत्र में हुई चोरी,लूट की घटनाओं से नगर वासियों में दहशत का माहौल होने के संदर्भ में बताते हुए नगर वासियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ रात्रि गश्त कराने की भी मांग की है। इस दौरान नपा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी नवागत जिला पुलिस अधीक्षक से विस्तार से चर्चा की,इस दौरान नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रशांत दाढ़े,सभापति प्रदीप जुननकर,मंदन भांगे,महेंद्र घोड़े, पार्षद प्रदीप कामदार,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष नरेश कलंबे,भाजपा नेता गोलु कोरडे,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे । प्रतिनिधि मंडल की बातों को जिला पुलिस अधीक्षक श्री परिहार द्वारा गंभीरता पूर्वक सुनते हुए मांग पूरा कराने का आश्वासन दिया ।